उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक D/5322/ जबलपुर, दिनांक 26/10/2021

श्री कमल सिंह निराला, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर के विरूद्ध दिनांक 06.03.2020 को कार्यालयीन समय में उच्च न्यायलय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर परिसर में स्थित वाहन पार्किंग में अपने सहकर्मी श्री रूपेश बारसकर, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट के साथ मारपीट कर गाली–गलौज करने, कार्यालयीन परिसर में अशांति का माहौल निर्मित करने तथा श्री रूपेश बारसकर, को मैसेज कर एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत केस करने की धमकी देने के कदाचार के आरोप पर रजिस्ट्री आदेश कमांक बी/462/दो–14–41/2020, जबलपुर दिनांक 20.01.2021 द्वारा विभागीय जांच की गई।

यह कि विभागीय जांच में जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 04.05.2021 में आपके विरूद्ध आरोप कमांक–1 आंशिक रूप से सिद्ध पाये जाने तथा आरोप कमांक 2 एवं 3 पूर्णतः सिद्ध पाये जाने तथा उक्त संबंध में रजिस्ट्री कारण बताओ नोटिस कमांक बी/3725/दो–14–41/2020ए जबलपुर दिनांक 13.07.2021 के तारतम्य में आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब दिनांक 07.08.2021 असंतोषप्रद पाये जाने तथा जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 04.05.2021 से सहमत होते हुये, आपको आरोप पत्र में उल्लेखित कदाचार का दोषी पाते हुये मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(चार) सहपठित उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश सेवा (भर्ती, सेवा की सामान्य शर्तें, आचरण, वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 2017 के नियम 16(1) के अंतर्गत आपकी आगामी देय एक वार्षिक वेतनवृद्धि भविष्य की वेतनवृद्धियों को अप्रभावित करते हुए (Without Cumulative Effect) रोके जाने के दंड से दंडित किया जाता है।

(राजेन्द्र कुमार वाणी)
रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक D/5323/ जबलपुर, दिनांक 26/10/2021

प्रतिलिपि :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर, इंदौर म.प्र.,
2. रजिस्ट्रार प्रशासन/आई.एल., उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
3. एस.पी.एस.ए.(एस.ए.) उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की ओर आदेश की प्रति उच्च न्यायालय म.प्र. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु,
4. श्री ए.व्ही. मण्डलोई, रजिस्ट्रार(एम.)/जांचकर्ता अधिकारी, उच्च न्यायालय म.प्र. खण्डपीठ इंदौर,
5. असिस्टेंट रजिस्ट्रार (ई.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
6. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (स्था.)/पेंशन, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
8. सहायक स्थापना/सेवा पुस्तिका, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
9. ऑफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
10. श्री कमल सिंह निराला, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर, म.प्र.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

25.10.21

(नरसिंह बघेल)
रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन)